संख्या- 45 / 1059 /चार-2015-6(बजट)/2015

प्रेषक,

अनीता सी0 मेश्राम
सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 27 मार्च, 2015

विषय:- पेंशन प्राप्त कर रहे वृद्ध कलाकार को चिकित्सा की प्रतिपूर्ति हेतु प्रशासनिक/ वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके पत्र संख्या-3457/सं0नि-16(2)/2009-10, दिनांक 20 मार्च, 2015 के सन्दर्भ में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि पेंशन प्राप्त कर रहे वृद्ध कलाकार को चिकित्सा की प्रतिपूर्ति की स्वीकृति के प्रस्ताव पर सम्यक् विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि उक्त सन्दर्भित पत्र दिनांक 20 मार्च,2015 के माध्यम से उपलब्ध कराये गये श्री कृष्ण मुरारी लाल शास्त्री , ग्राम व पोस्ट पलसो, जिला मथुरा के चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति हेतु अपेक्षित धनराशि रू0 56,320/- (रूपये छप्पन हजार तीन सौ बीस मात्र) व्यय की प्रशासनिक/ वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते है।

2- उक्त धनराशि का आहरण एवं व्यय वित्त विभाग तथा शासन द्वारा समय-समय पर निर्गत शासनादेशों / वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानो /नियमों आदि के अन्तर्गत सुनिश्चित किया जायेगा।

3- उक्त स्वीकृत धनराशि चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या- 92- के अधीन लेखाशीर्षक-"2205- कला एवं संस्कृति-आयोजनेत्तर-800-अन्य व्यय-11-कला एवं संस्कृति की शिक्षा, लोक परम्पराओं का वीडियों अभिलेखीकरण, योग्य छात्रों एवं वृद्ध कलाकारों को आर्थिक सहायता योजना-42-अन्य व्यय" मद के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-बी -1-2457/दस-2014-231/2014, दिनांक 22 जुलाई, 2014 में प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(अनीता सी0 मेश्राम)
सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या- 45 / 1059 (1)/चार-2015 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।

2- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय , उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ ।

3- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।

4- वित्त (लेखा) अनुभाग-1/ वित्त (ई-7) अनुभाग

5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से ,

(राम विशाल मिश्र)
विशेष सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in